www.xtrapapers.com

MINISTRY OF EDUCATION, SINGAPORE
in collaboration with
UNIVERSITY OF CAMBRIDGE LOCAL EXAMINATIONS SYNDICATE
General Certificate of Education Ordinary Level

# HINDI

**3195/02**

Paper 2 Language Usage and Comprehension

**October/November 2008**

**1 hour 30 minutes**

Additional Materials: Answer Sheet

*4917123641*

**READ THESE INSTRUCTIONS FIRST**

Write your Centre number, index number and name on all the work you hand in.
Write in dark blue or black pen on both sides of the paper.
Do not use staples, paper clips, highlighters, glue or correction fluid.

Answer **all** questions.

At the end of the examination, fasten all your work securely together.
The number of marks is given in brackets [ ] at the end of each question or part question.

This document consists of **9** printed pages and **3** blank pages.

Singapore Examinations and Assessment Board

UNIVERSITY *of* CAMBRIDGE International Examinations

© UCLES & MOE 2008

SP (NF/TL) T57221/3

**[Turn over**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section A
## खंड : 'क'

### A1 Combination/Separation of Words [10]
**संधि / संधि – विच्छेद**

निम्नलिखित शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए और उत्तर दी गई उत्तर-पत्रिका में लिखिए।

1 प्रत्येक
2 सूक्ति
3 नरेश
4 विद्यालय
5 हिमालय

### A2 Idioms, Proverbs and Words in Pairs [10]
**मुहावरे, लोकोक्तियाँ और सहप्रयोग**

निम्नलिखित वाक्यों में भरने के लिए नीचे दिए मुहावरों, लोकोक्तियों और सहप्रयोगों में से उपयुक्त उत्तर चुनिए और उन्हें उत्तर-पत्रिका में लिखिए।

6 आज हर काम करवाने के लिए अफसरों को ______________________ पड़ता है।
7 चोर पुलिस की ________________ कर भाग निकला।
8 आजकल मंहगाई के समय में ________________ कर गुज़ारा करना पड़ता है।
9 ______________________ का फैसला करने के लिए गांव में पंचायत बिठाई गई।
10 शंकर के गांव में एक वही थोड़ा पढ़ा-लिखा है इसलिए हर कोई उससे पूछ कर काम करता है इसलिए उसे ________ माना जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | नमक मिर्च मिलाना | (6) | आँखों में धूल झोंकना |
| (2) | सच-झूठ | (7) | अंधों में काना राजा |
| (3) | मनगढ़ंत बात करना | (8) | थका-हारा |
| (4) | मक्खन लगाना | (9) | पेट काटना |
| (5) | दीपक तले अँधेरा | (10) | दूध का दूध पानी का पानी |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## A3 Sentence Transformation

वाक्य रुपान्तरण

निम्नलिखित अधूरे वाक्यों को इस तरह पूरा कीजिए कि उनका अर्थ ऊपर दिए वाक्यों से भिन्न न हो। अपने उत्तर दी गई उत्तर-पत्रिका में लिखिए।

11 कमलेश बरसों से कार चला रही है।
बरसों से कमलेश द्वारा ______________________ ।

12 सदा दूसरों की सहायता करो।
तुम्हें सदा ________________________________ ।

13 रमेश ने सबका दिल जीत लिया।
रमेश द्वारा ________________________________ ।

14 सीता बच्चों को गाना सिखा रही है।
बच्चों को सीता द्वारा __________________________ ।

15 जैसे ही श्याम घर पहुँचा, बिजली चली गई।
श्याम के घर _______________________________ ।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**A4 Cloze Passage** [10]

**क्लोज़ पैसेज**

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए उसके नीचे दिए गए शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुन कर उनकी संख्या को अपने उत्तर पत्र में लिखिए।**

मैं घूमना-फिरना पसन्द करता हूँ। मैं अपने अनुभव का पूरा आनन्द लेता हूँ चाहे वह किसी स्थान के बारे में पहली बार सोचने से लेकर वहाँ से लौटने के बाद उसके बारे में बातें करना हो। बिना __16__ मुझे सबसे अधिक आनंन्द सफ़र में आता है। मेरे पास पढ़ने, बातें करने और बाहर देखने के लिए __17__ होता है। जब कि दूसरे लोग सफ़र में कई घंटे बिताने के ख्याल से ही __18__ करते हैं। मुझे अपनी आज़ादी का सुखद अहसास होता है जो मेरी दैनिक __19__ से पूरी तरह अलग होता है। जब मैं उस स्थान के बारे सोचता हूँ जहाँ मैं अभी पहुँचा नहीं तो मैं और भी उत्तेजित __20__ करता हूँ। वह देश कैसा दिखता होगा ? भोजन का स्वाद कैसा होगा ? मैं __21__ मिलूंगा ?

अब तक सबसे अधिक प्रभावित व मनमोहक स्थान जो मैंने वर्षों में __22__ कर देखा है वह ब्राज़ील का शहर रिओ दे जनेरो है। इसमें संसार के बेहतरीन समुद्रीय तट हैं जो आकर्षित __23__ के चरणों में बसे हैं। जल तक पहुँचने के लिए आपको बड़ा क्षेत्र __24__ करना पड़ता है जिस में फुटबॉल और बालीबॉल के मैदान हैं। अगर आप इन के एक-दो खेल देखेंगे तो समझेंगे कि ब्राज़ीलियन इन __25__ में इतने अच्छे कैसे हैं ? तट पर हमेशा कुछ न कुछ होता रहता है : खाना, गाना और नाचना। सभी प्रकार के लोग तट पर गर्म मौसम का आनन्द लेने आते हैं। आप ब्राज़ील के शहर रिओ में हफ्तों तक रह सकते हैं और बहुत से लोग ऐसा ही करते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | नफ़रत | (6) | लोग | (11) | पर्वतों |
| (2) | अनुभव | (7) | संदेह | (12) | खेलों |
| (3) | हफ्तों | (8) | किस से | (13) | दिनचर्या |
| (4) | पार | (9) | समय | (14) | तट |
| (5) | घूम | (10) | वर्षों | (15) | मौसम |

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

TURN OVER FOR SECTION B

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section B
## खंड 'ख'

**निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**हाथी की सवारी का प्रशिक्षण स्कूल**

हम किसी तरह एक हाथी को खो बैठे। यह मेरे 'महावत' बनने की शिक्षा का थाइलैंड के कैंप में दूसरा दिन था। सुबह के 6 बजे थे और मेरा 26 वर्ष का, दो टन का हाथी डिस्को कहीं नज़र नहीं आ रहा था। यह हैरानी की बात थी कि आप हाथी कैसे खो सकते हैं ? हाथी की सवारी की शिक्षा का प्रथम पाठ इससे शुरु हुआ कि याद रखो एक दिन पहले आपने अपना वाहन कहाँ खड़ा किया था !

तभी अचानक शरारती और उंघता हुआ डिस्को घने जंगल से प्रकट हुआ, गन्ने और रस भरे बांस की कोपलें खाने को तैयार जो हम उसके नाश्ते के लिए लेकर आये थे।

यह महावत बनने की शिक्षा देने के लिए इस तरह का एक ही स्कूल है जो पर्यटकों के लिए एक अंग्रेज जॉन रार्बट द्वारा चलाया जाता है। यह लोगों के लिए हाथी को प्राकृतिक रुप से जानने का आश्चर्यजनक अवसर है जिसमें यह सीखा जा सकता है कि उन्हें कैसे नहलाया जाये और महावत के आदेशों का प्रयोग करके उन पर सवारी कैसे की जाये।

मज़ाकिया डिस्को द्वारा छोड़े पानी के फुहारे से भीगने के बाद मेरे पास जानवर पर सवारी करने का अवसर था। ये था द्वितीय पाठ : अपने हाथी पर कैसे चढ़ा जाये!

सीट बैल्ट और एयरबैग के बिना भी डिस्को के बड़े, लटकते हुए कानों के पीछे ऊँचे बैठे हुए मैं सुरक्षित महसूस कर रहा था। यह पाठ दो घंटे का था और धुँधली सुबह में हमारी पहली परीक्षा थी– हाथी को वापिस होटल लेकर जाना, अपने हाथी को होटल के दरवाजे के सामने खड़ा करना, नीचे उतरना और फिर हरियाली भरे चबूतरे पर गर्म नाश्ते का मज़ा लेना। तीन दिनों की शिक्षा के बाद आपके और आपके हाथी के बीच एक बंधन जुड़ जाता है जो इस शिक्षा का मुख्य उद्धेश्य है। इस कैंप का स्थायी प्रभाव है शिक्षकों, शिष्यों और जानवरों में लगाव।

अन्तिम दिन आपका हाथी आपको होटल पर मिलता है जहाँ से आप उसे बिना किसी सहायता के जंगल से होते हुए बौद्धिकों के पूजा–स्थल पर ले जाते हैं। गर्म नाश्ता आपका इन्तज़ार करता है और आपको महावत बनने का लाइसेंस भेंट किया जाता है।

महावत का लाइसेंस भले ही जीवन की आवश्यक कुशलता नहीं या 'ओ लैवल' जैसी महत्त्वपूर्ण योग्यता नहीं फिर भी हाथी की सवारी पर्यावरण–अनुकूल है व पर्यटन की देखभाल में सहायक एक लाभदायक स्तोत्र है। यह साधारण पर्यटन से हट कर दुनिया की खोज के लिए घूमने का एकमात्र मौका भी है और जीवन भर के लिए मित्र बनाने का अवसर भी।

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## B5 MCQ Comprehension [4]
**आशय समझना**

अनुच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे चार-चार उत्तर दिए गए हैं। सही उत्तर को चुन कर उत्तर पत्रिका में उसकी संख्या लिखिए।

**26** प्रशिक्षण के शुरु में लेखक ने क्या किया ?

**(1)** वह भूल गया कि उसने गाड़ी कहाँ पार्क की है।
**(2)** वह सुबह जल्दी उठना भूल गया।
**(3)** वह एक दिन पहले अपने हाथी को खिलाना भूल गया।
**(4)** वह भूल गया कि एक दिन पहले उसने अपने हाथी को कहाँ छोड़ा था।

**27** दूसरे दिन सुबह डिस्को_________________ ।

**(1)** जंगल में सोया मिला
**(2)** गन्ने और बाँस की कोपलें खा रहा था
**(3)** भूखा था और उसे नाश्ते की ज़रुरत थी
**(4)** दिनचर्या शुरु करने को तैयार था

**28** गद्यांश के अनुसार हाथी की सवारी का प्रशिक्षण स्कूल __________________ ।

**(1)** केवल इंग्लैंड में है
**(2)** केवल थाइलैंड में है
**(3)** थाइलैंड और इंग्लैंड दोनों में है
**(4)** उन देशों में जहाँ अक्सर पर्यटक आते हैं

**29** डिस्को की व्याख्या की जा सकती है कि वह ___________________ ।

**(1)** मज़ाकिया है और उसका वज़न लगभग दो टन है
**(2)** मैत्रीपूर्ण है और उसका वज़न दो टन से कम है
**(3)** लड़ाकू है और उसकी आयु तीस साल से कम है
**(4)** शरारती है और उसकी आयु तीस साल से अधिक है

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



30 प्रशिक्षण के दौरान ________________ अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है।

(1) प्रतिदिन गर्म नाश्ता खाना
(2) अपने हाथी से अच्छे सम्बंध स्थापित करना
(3) हाथी की सवारी में सुरक्षित महसूस करना
(4) समय-समय पर महावतों से मिलना

31 अंतिम दिन आपको _________________ ।

(1) प्रशिक्षकों और हाथियों प्रति अपना सम्मान दर्शाना पड़ता है
(2) हाथी को होटल तक लाना, उसे खड़ा करना और गर्म नाश्ते का मज़ा लेना पड़ता है
(3) हाथी को बिना किसी सहायता के जंगल के बीच से होते हुए ले जाना पड़ता है
(4) हाथी को जंगल में ले जाने से पहले अपना नया लाइसेंस दिखाना पड़ता है

32 हाथी की सवारी सीखना _______________ ।

(1) प्रकृति के अनुकूल है तथा नौकरी के लिए कई अवसर प्रदान करता है
(2) जीवन की एक महत्त्वपूर्ण कुशलता तथा मूल्यवान व्यवसायिक योग्यता है
(3) प्रकृति के अनुकूल होने के साथ-साथ कुछ अनदेखे स्थानों को देखने की संभावना बढ़ाता है
(4) लाभदायक कौशल तथा संसार में जंगलों को खोजने के लिए ज़रुरी है

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**BLANK PAGE**

**TURN OVER FOR SECTION C**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



## Section C
## खंड 'ग'

नीचे दिए गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर जहाँ तक संभव हो, अपने शब्दों में और पूरे-पूरे वाक्यों में दीजिए।

**बोरनिओ का असाधारण अनुभव**

पक्षियों का जोड़ा घने जंगल के ऊपर काफी ऊँचा उड़ता है और वादी में फड़फड़ाहट का शोर मचाता है। माऊंट किनाबॉल की ढलानों पर एक और तूफ़ान आने वाला है, जिससे नीची तरफ सांप जैसी बह रही नदियों में कीचड़ वाला पानी और भी बढ़ जायेगा।

हमारा गाइड जोसिफ़ डूज़न, इस **वातावरण** के बारे में जानता है क्योंकि वह आठ सालों से दक्षिण-पूर्वी ऐशियाई जंगलों में से ऊँची पहाड़ी चोटियों पर चढ़ने वालों का मार्ग-दर्शन करता आया है।

कल शाम हम सबने मिल कर स्थानिक रेस्तराँ के आरामदायक माहौल में खाना खाया और अगले दिन के लिए अपनी शक्ति बढ़ाने के लिए मछली के गर्म-गर्म सूप के कटोरे तथा गर्म हरी चाय पी। परन्तु आज सुबह वातावरण बिल्कुल अलग है। सुबह के तीन बजे हैं तथा ठण्ड और बारिश में हमें आधी रात को अपने गर्म बिस्तर छोड़ने पड़े ताकि सुबह 6 बजे हम चोटी पर पहुँच कर सूर्य उदय का शानदार **दृश्य** देख सकें। मुझे यकीन नहीं होता कि मैं ठण्ड में चोटी पर चढ़ना चाहता हूँ।

हमारी पाँच लोगों की टोली, जँभाई लेते और **अयोग्य** सी, भोर से पहले की रोशनी में गन्दे से दिखने वाले लोगों की टोली दिखती है। पर हमारा गाइड डूज़न है कहाँ ?

अचानक ही अन्धेरे में से तेज़ चलता हुआ वह सामने आ गया। बड़ी मुस्कुराहट वाला एक छोटा सा आदमी जिसने कैनवस का पुराना थैला पीठ पर उठाया हुआ है। उसकी टांगे पेड़ के तने जैसी हैं और उसने रबड़ के जूते पहने हैं जो इन सांप जैसी बल खाती तिरछी ढलानों पर चढ़ने के लिए हमारे महंगे पहाड़ों पर चढ़ने वाले जूतों से काफी अधिक उपयुक्त हैं। उसका भूरा, चमड़े जैसा चेहरा और ऐथलीटों जैसा जिस्म बाहर बिताई हुई जिन्दगी का परिणाम है।

सुरक्षा हैलमिट पहन कर धीरे-धीरे और कठिनाई के साथ ग्रेनाइट के पत्थरों के बीच से टॉरचों की रोशनी के साथ बर्फीली ठण्ड में हम चल पड़े। हमें अपने गाइड डूज़न के पीछे साथ-साथ चलने की हिदायत दी गई, **मार्ग-दर्शन** करती हुई रस्सी तथा मार्ग-चिन्ह यह यकीन दिलाते कि कोई भी पीछे ज़्यादा दूर न रहे। जैसे-जैसे हम चोटी के समीप जाते हैं मुझ में उतना ही अधिक जोश आता है पर मैं ध्यान से चलता हूँ ताकि इस फ़िसलनदार चढ़ाई पर कोई कदम ग़लत न रखा जाए।

6 बज कर 10 मिन्ट पर, चोटी के **शिखर** पर पहुँच कर, वह पल आ गया जिसका हमें लम्बे समय से इन्तज़ार था। चढ़ते सूरज की रोशनी जब माऊंट किनाबॉल पर पड़ कर अन्धेरे की गांठ खोलती है तब सारा बोरनिओ ऐसा दिखता है जैसे एक हरे रंग का गलीचा हो।

बधाई देते हुए और हाथ मिला कर हमने अपनी प्राप्ति पर विचार किया। हम में से अधिकतर सभी के लिए दक्षिण-पूर्वी ऐशिया की छत पर चढ़ना एक वीरतापूर्ण यत्न है। पर जोसिफ़ डूज़न के लिए सिर्फ अपने काम पर एक और दिन!

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



**C6 OE Comprehension** [6]

**आशय समझना**

33 लेखक सुबह 3 बजे के हालातों की पहले दिन की शाम के साथ कैसे तुलना करता है ?

34 गद्यांश के आधार पर गाइड और चढ़ाई चढ़ने वालों में अन्तर बताते हुए **चार** विवरण दें ।

35 जोसिफ़ डूज़न की शारीरिक बनावट की अपने शब्दों में व्याख्या करें । **चार** भिन्न–भिन्न विकल्प दें ।

36 कौन से तथ्य पर्यटकों की चढ़ाई चढ़ते समय सुरक्षा में वृधि करते हैं ? **चार** के नाम लिखें ।

37 गद्यांश में हमें माऊंट किनाबॉल के आस–पास के नज़ारों के बारे में क्या पता चलता है ? **चार** विवरण दें ।

38 अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए कि लेखक को यात्रा से पहले, दौरान और बाद में कैसा महसूस हुआ ।

**C7 Vocabulary** [10]

**शब्दार्थ**

अवतरण के रेखांकित शब्दों को नीचे दिया गया है । इनका अर्थ हिन्दी में लिखिए ।

39 वातावरण

40 दृश्य

41 अयोग्य

42 मार्ग–दर्शन

43 शिखर

**End of Paper**

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers

www.xtrapapers.com



BLANK PAGE

Permission to reproduce items where third-party owned material protected by copyright is included has been sought and cleared where possible. Every reasonable effort has been made by the publisher (UCLES) to trace copyright holders, but if any items requiring clearance have unwittingly been included, the publisher will be pleased to make amends at the earliest possible opportunity.

University of Cambridge International Examinations is part of the Cambridge Assessment Group. Cambridge Assessment is the brand name of University of

www.StudentBounty.com
Homework Help & Pastpapers